"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 153] रायपुर, सोमवार, दिनांक 15 अप्रैल 2013—चैत्र 25, शक 1935

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 15 अप्रैल 2013

क्रमांक 3025/डी. 109/21-अ/प्रारू./छ. ग./13.—छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 08-04-2013 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. एल. चरयाणी, अतिरिक्त सचिव.

छत्तीसगढ़ अधिनियम

(क्रमांक 11 सन् 2013)

छत्तीसगढ़ विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) अधिनियम, 2013

छत्तीसगढ़ विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन अधिनियम, 1972 (क्रमांक 7 सन् 1973) को और संशोधन करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के चौंसठवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान-मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ. 1. (1) यह अधिनियम छत्तीसगढ़ विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) अधिनियम, 2013 कहलायेगा.

(2) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

धारा 2 का संशोधन. 2. छत्तीसगढ़ विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन अधिनियम, 1972 (क्रमांक 7 सन् 1973), (जो इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम के रूप में निर्दिष्ट है) की धारा 2 के खण्ड (ग) के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :—

"(घ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इस अधिनियम में संलग्न अनुसूची."

धारा 3 का संशोधन. 3. मूल अधिनियम की धारा 3 में शब्द "सात हजार रुपये" के स्थान पर शब्द "अनुसूची में विनिर्दिष्ट" प्रतिस्थापित किया जाये.

धारा 4 का संशोधन. 4. मूल अधिनियम की धारा 4 में शब्द "आठ हजार रुपये" के स्थान पर शब्द "अनुसूची में विनिर्दिष्ट" प्रतिस्थापित किया जाये.

धारा 4-क का संशोधन. 5. मूल अधिनियम की धारा 4-क में शब्द "एक हजार सात सौ रुपये प्रतिमास दिये जायेंगे" के स्थान पर शब्द "अनुसूची में विनिर्दिष्ट राशि दी जायेगी" प्रतिस्थापित किया जाये.

धारा 4-ख का संशोधन. 6. मूल अधिनियम की धारा 4-ख में शब्द "पांच हजार रुपये प्रतिमाह की दर से" के स्थान पर "अनुसूची में विनिर्दिष्ट" प्रतिस्थापित किया जाये.

धारा 4-ग का संशोधन. 7. मूल अधिनियम की धारा 4-ग में जहां कहीं भी शब्द "सात सौ पचास रुपये की दर से" आया हो के स्थान पर शब्द "अनुसूची में विनिर्दिष्ट" प्रतिस्थापित किया जाये.

धारा 7 का संशोधन. 8. मूल अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (1) में शब्द "दो हजार पांच सौ रुपये का" के स्थान पर शब्द "अनुसूची में विनिर्दिष्ट" प्रतिस्थापित किया जाये.

9. मूल अधिनियम की धारा 10 के पश्चात् निम्नलिखित अनुसूची जोड़ा जाये, अर्थात् :—

अनुसूची का अन्तः स्थापन.

अनुसूची
[धारा 2(घ) देखें]

धारा (1)	वेतन/भत्तों का विवरण (2)	राशि (3)
धारा 3	सदस्यों का वेतन	रुपये 10,000 प्रतिमास
धारा 4	सदस्यों को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता	रुपये 25,000 प्रतिमास
धारा 4-क	टेलीफोन भत्ता	रुपये 3,000 प्रतिमास
धारा 4-ख	अर्दली भत्ता	रुपये 10,000 प्रतिमास
धारा 4-ग	दैनिक भत्ता	रुपये 750 प्रतिदिन
	विधान सभा की बैठकों या समिति की बैठकों में भाग लेने का अतिरिक्त दैनिक भत्ता.	रुपये 750 प्रतिदिन
धारा 7 (1)	सदस्यों को चिकित्सा भत्ता	रुपये 4,500 प्रतिमास

रायपुर, दिनांक 15 अप्रैल 2013

क्रमांक 3025/डी. 109/21-अ/प्रारू./छ. गं./13.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में छत्तीसगढ़ विधान सभा सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन (संशोधन) अधिनियम, 2013 (क्रमांक 11 सन् 2013) का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. एल. चरयाणी, अतिरिक्त सचिव.

CHHATTISGARH ACT
(No. 11 of 2013)

THE CHHATTISGARH VIDHAN SABHA SADASYA VETAN, BHATTA TATHA PENSION (SANSHODHAN) ADHINIYAM, 2013

An Act further to amend the Chhattisgarh Vidhan Sabha Sadasya Vetan, Bhatta Tatha Pension Adhiniyam, 1972 (No. 7 of 1973).

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the Sixty-Fourth Year of the Re-public of India, as follows :—

Short title and commencement.

1. (1) This Act may be called the Chhattisgarh Vidhan Sabha Sadasya Vetan, Bhatta Tatha Pension (Sanshodhan) Adhiniyam, 2013.

(2) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

Amendment of Section 2.

2. After clause (c) of Section 2 of the Chhattisgarh Vidhan Sabha Sadasya Vetan, Bhatta Tatha Pension Adhiniyam, 1972 (No. 7 of 1973) (hereinafter referred to as the Princi-pal Act), the following shall be added, namely :—

"(d) "Schedule" means a Schedule appended to this Act."

Amendment of Section 3.

3. In Section 3 of the Principal Act, for the words "of Seven Thousand rupees per mensem" the words "as specified in the Schedule" shall be substituted.

Amendment of Section 4.

4. In Section 4 of the Principal Act, for the words "of Eight Thousand rupees per mensem" the words "as specified in the Schedule" shall be substituted.

Amendment of Section 4-A.

5. In Section 4-A of the Principal Act, for the words "One Thousand Seven Hundred Fifty per mensem" the words "of an amount as specified in the Schedule" shall be substituted.

Amendment of Section 4-B.

6. In Section 4-B of the Principal Act, for the words "Five Thousand rupees per mensem" the words "as specified in the Schedule" shall be substituted.

Amendment of Section 4-C.

7. In Section 4-C of the Principal Act, wherever occure the words "at the rate of rupees Seven Hundred Fifty per day" the words "as specified in the Schedule" shall be substi-tuted.

Amendment of Section 7.

8. In Sub-section (1) of Section 7 of the Principal Act, for the words "of Two Thousand Five Hundred per mensem" the words "as specified in the Schedule" shall be substituted.

Insertion of Schedule.

9. After Section 10 of the Principal Act, the following Schedule shall be added, namely :—

"SCHEDULE
[See Section 2(d)]

Section (1)	Pay/Allowance Particular (2)	Amount (3)
Section 3	Salaries of members	Rupees 10,000 per mensem
Section 4	Constituency allowance for members	Rupees 25,000 per mensem

(1)	(2)	(3)
Section 4-A	Telephone allowance	Rupees 3,000 per mensem
Section 4-B	Ardali allowace	Rupees 10,000 per mensem
Section 4-C	Daily Allowance	Rupees 750 per day
	Additional daily allowances for attending the meeting of Vidhan Sabha or meeting of Committees.	Rupees 750 per day
Section 7 (1)	Medical allowance to members	Rupees 4,500 per mensem"

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.